देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

JAWAB DO SARKAR
www.jawabdosarkar.com
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2022/mmp/24 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | मंगलवार, 31 मई 2022

सात साल पहले जिस 37 बीघा जमीन को जेडीए ने बड़ी मशक्कत से खाली करवाया, वहाँ अब हो रही खेती,लग रहे मेले!!!

भाग-1

करोड़ो रुपयों की सरकारी जमीन भूमाफियाओ के कब्जे मे!!!

जेडीए के ज़ोन 7 मे स्थित रोशन फार्म,वैशालीनगर की 37 बीघा का मामला!!!

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

सरकारी जमीन पर हो रही खेती

सरकारी जमीन पर चल रहा बारहमासी मेला

जेडीए के ज़ोन 7 मे स्थित रोशन फार्म,वैशालीनगर की 37 बीघा का मामला!!!

आपको शायद याद होगा कि साथ 7 साल पहले जेडीए ने बड़ी कार्यवाही करते हुए,वैशालीनगर स्थित रोशन फार्म के नाम से प्रसिद्ध सरकारी जमीन को बड़ी मशक्कत से खाली करवाया था|जेडीए की उस वक्त की बड़ी कार्यवाही मे डेढ़ हजार पुलिस कर्मियों की मौजूदगी मे 7मेरीज गार्डन,45 दुकानों और 70 मकानो को दर्जनो जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया था|

सरकारी जमीन पर कैसे हो रही खेती और चल रहा मेला?

लेकिन 7 साल मे जेडीए अधिकारियों की उदासिनता और लापरवाही के चलते ना केवल इस 37 बीघा सरकारी जमीन पर कब्जे कर खेती की जा रही है बल्कि बारहमासी चलने वाला एक बड़ा मेला भी संचालित किया जा रहा है|

स्थानीय निवासियों के अनुसार यह भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर पुनः कब्जा करने की साजिश बताई जा रही है| स्थानीय निवासियों के अनुसार इतना बड़ा खेला बिना जेडीए की मिलीभगत के संभव नहीं है|

क्या जेडीए करेगा कार्यवाही?

बहरहाल देखना यह है कि यह मामला पुनः जेडीए के संज्ञान मे आने के बाद जेडीए के जिम्मेदार अधिकारी इस सरकारी जमीन को खाली करने का दृढ़ संकल्प लेते है या फिर कोर्ट मे मामले लंबित होने का बहाना बना कर मामले को टाल देते है|

जेडीए की बड़ी कार्रवाई, 37 बीघा जमीन करवाई मुक्त

जयपुर विकास प्राधिकरण ने सोमवार को वैशाली नगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए रोशन फार्म की साढ़े 37 बीघा जमीन अतिक्रमण मुक्त करवाई।

जयपुर
Published: March 02, 2015 05:16:33 pm

जयपुर विकास प्राधिकरण ने सोमवार को वैशाली नगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए रोशन फार्म की साढ़े 37 बीघा जमीन अतिक्रमण मुक्त करवाई। जेडीए प्रशासन ने रोशन फार्म में बने आधा दर्जन मैरिज गार्डनों पर बुलडोजर चला दिया।

इस दौरान विरोध की आशंका को देखते हुए डेढ़ हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए। कार्रवाई के दौरान 7 मैरिज गार्डन, 45 दुकानों और 70 मकानों को तोड़ा गया। साथ ही शिव मंदिर से शिवलिंग बाहर निकाला गया।

Patrika.com से साभार

जिला कलक्टर कृष्ण कुणाल, पुलिस कमिश्नर श्रीनिवास राव जंगा, जेडीए आयुक्त शिखर अग्रवाल और सचिव पवन अरोड़ा सहित दर्जनभर अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जेडीए टीम के साथ मौजूद डेढ़ हजार पुलिसकर्मियों को देखकर लोगों ने हल्का विरोध किया।

ये है मामला

जानकारी के अनुसार वैशाली नगर स्थित रोशन फार्म में जेडीए की साढ़े 37 बीघा जमीन है, जिस पर आधा दर्जन मैरिज गार्डन बने हुए हैं। जेडीए ने महीनेभर पहले नोटिस देकर मैरिज गार्डन संचालकों को जगह खाली करने के लिए कहा।

लेकिन मैरिज गार्डन संचालक हाईकोर्ट चले गए और नोटिस पर स्टे ले आए। इसके बाद जेडीए ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा, तो बीते 27 फरवरी 2015 को फैसला जेडीए के पक्ष में आया।

इस पर जेडीए ने शुक्रवार को ही नोटिस जारी कर रविवार शाम तक साढ़े 37 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए कह दिया। लेकिन यहां से अतिक्रमण नहीं हटने पर जेडीए ने भारी पुलिस जाप्ते के साथ सुबह कार्रवाई शुरू कर दी।